संख्या-16/2020/176/कनिप्र/26-3-2020-14(34)/2014

प्रेषक,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तर प्रदेश शासन।

कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ लखनऊ: दिनांक : 27 फरवरी,2020
समाज कल्याण विभाग

विषय: निःशुल्क बोरिंग योजनान्तर्गत धनराशि की स्वीकृति वर्ष 2019-2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-14/2020/46/क.नि.प्र./26-3-2020-13(163)/91 दिनांक 25 फरवरी,2020 द्वारा नि:शुल्क बोरिंग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में आवंटित 8000 भौतिक लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिए रू. 800.00 लाख (रू0 आठ करोड़ मात्र) की धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपरोक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि आप द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु चयनित कार्यदायी संस्थाओं को तत्काल उपलब्ध कराई जायेगी तथा आवंटित धनराशि की सूचना शासन को शीघ्र उपलब्ध करायी जायेगी।

3- यह भी अवगत कराया जाना है कि प्रश्नगत धनराशि का प्रदेशन मात्र ही किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता जिसे करने हेतु बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के नियमों अथवा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत निर्धारित नियमो का पालन किया जायेगा।

4- उपरोक्त धनराशि के उपभोग प्रमाण पत्र नियमानुसार शासन तथा महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को यथा समय उपलब्ध कराये जायेगें। इस अनुदान के उपभोग पर वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए के नियम लागू होगें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- इस स्वीकृति पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 083-समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) के लेखाशीर्षक-"2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण,-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण,789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 01-केन्द्रीय प्रायोजित योजनायें-0108- परिसम्पत्ति निर्माण की अन्य योजनाओं की लागत में केन्द्रीय सहायता से अंशदान (के.100/रा.0-के.)-20- सहायक अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)" के नामें डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनांक 22 मार्च,2019 में निहित व्यवस्था के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

पृ0संख्या-16/2020/176/(1)/क.नि.प्र./26-3-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन,लखनऊ।
3- वित्त नियन्त्रक, निदेशालय समाज कल्याण विभाग।
4- वित्त (व्यय- नियन्त्रण)अनुभाग-4।
5- समस्त संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)।
6- एन0आई0सी0 की प्रति ।
7- संबंधित कार्यदायी संस्था
8- बजट प्रकोष्ठ,समाज कल्याण,उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

]

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in